Title: Requests the Central Government to shift the CGHS Dispensary, Laxmi Nagar in the new building and need to start the construction work of CGHS Dispensary, Dilshad Garden at the alloted area.

श्री लाल बिहारी तिवारी (पूर्वी दिल्ली): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र पूर्वी दिल्ली में सी.जी.एच.एस. की दो डिस्पेंसरियां कार्य कर रही हैं जिनमें से एक दिलशाद गार्डन में और दूसरी लक्षमी नगर में है। दिलशाद गार्डन की डिस्पेंसरी ३० हजार रुपए प्रति माह किराए के भवन में चल रही है। उसके लिए डी.डी.ए. ने १७२३ वर्ग मीटर जगह आबंटित कर दी है, लेकिन डिस्पैंसरी का भवन बनना अभी तक शुरू नहीं हुआ है और लक्षमी नगर डिस्पेंसरी का भवन बनकर तैयार हो गया है, लेकिन नवनिर्मित भवन में डिस्पेंसरी को स्थानांतरित नहीं किया जा रहा है जिसके कारण वहां रह रहे केन्द्रीय सरकार के लाखों कर्मचारियों को सी.जी.एच.एस. की सुविधाएं ठीक प्रकार से नहीं मिल पा रही हैं क्योंकि ये दोनों डिस्पेंसरियां वर्तमान में जहां हैं वहां भवन छोटा होने के कारण समुचित स्वास्थ्य व्यवस्था नहीं है और केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन है कि लक्षमी नगर की डिस्पेंसरी को शीघ्र नवनिर्मित भवन में शिफ्ट किया जाए और दिलशाल गार्डन में डिस्पेंसरी के लिए आबंटित स्थान पर डिस्पेंसरी का भवन शीघ्र बनाना प्रारंभ किया जाए ताकि केन्द्रीय कर्मचारियों को ठीक औप पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सकें।